समाहरणालय,अररिया

(जिला बाल संरक्षण इकाई)

Email-adcpu.araria-bih@gov.in

बिहार सरकार

पत्रांक 1118 / जि0बा0सं0इ0

प्रेषक,

सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई,
अररिया।

सेवा में,

निदेशक,
सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय,
बिहार, पटना।

अररिया, दिनांक 05 / 11 / 2026

विषय : **विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान (SAA), अररिया में नर्स पद पर नियोजन हेतु विज्ञापन प्रकाशन करने के संबंध में।**

प्रसंग : विभागीय पत्रांक–114, दिनांक–14.08.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार के अधीन जिला बाल संरक्षण इकाई, अररिया द्वारा संचालित विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान (SAA), अररिया में नर्स पद पर नियोजन हेतु विज्ञापन का प्रकाशन किया जाना है।

अतः भवदीय से अनुरोध है कि विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान (SAA), अररिया में नर्स पद पर नियोजन हेतु सूचना की एक प्रति का विज्ञापन राष्ट्रीय स्तर के दो प्रमुख हिन्दी समाचार प्रत्रों में प्रकाशन करने की कृपा की जाय।

सादर सूचनार्थ समर्पित।

अनुलग्नकः– प्रकाशन से संबंधित प्रपत्र।

विश्वासभाजन

सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई,
अररिया।

ज्ञापांक–1118 जि0बा0सं0इ0, अररिया, दिनांक– 05 / 11 / 2026

प्रतिलिपिः जिला सूचना प्राद्योगिकी पदाधिकारी, अररिया को सादर सूचनार्थ एवं अनुरोध है कि उक्त सूचना को जिले के साइट (NIC) पर अपलोड करने की कृपा की जाय।

प्रतिलिपिः जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी–सह–नोडल पदाधिकारी, अररिया को विज्ञापन प्रकाशन हेतु सूचनार्थ व आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः जिला पदाधिकारी, अररिया को सादर सूचनार्थ समर्पित।

प्रतिलिपिः निदेशक, समाज कल्याण–सह–उपाध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित।

05.11.26

सहायक निदेशक,
जिला बाल संरक्षण इकाई,
अररिया।

बिहार सरकार
समाहरणालय, अररिया
(जिला बाल संरक्षण इकाई)

विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान (SAA), अररिया में संविदा के आधार पर नियोजन हेतु विज्ञापन

निदेशक, समाज कल्याण–सह–उपाध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति, बिहार, पटना के पत्रांक–04/SARA-01/2013 (अंश–IV)–117, दिनांक–14.08.2026 से प्राप्त निदेश के आलोक में विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान (SAA), अररिया में संविदा आधारित **नर्स** (महिला) के पद पर नियोजन हेतु सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

Sl. No.	Name of post	No. of post	Essential Qualification	Experience	Age	Salary /Month
1.	Nurse (Female)	UR-01	Intermediate with G.N.M /Bachelor degree in nursing from a Government / Indian Nursing council recognized nursing institution.	A minimum of 1 year experience in hospital/health facility.	Up to 45 Years	Rs. 11916/-

01. इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आवेदन पत्र,फोटोग्राफ सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र, अंक पत्र, अनुभव प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र (आरक्षण के लाभ हेतु) आवासीय प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ पेपर में विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 30 दिन तक केवल स्पीड पोस्ट /निबंधित डाक द्वारा सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, समाहरणालय परिसर, अररिया, बिहार पिन कोड–854311 के पता पर भेज सकते है। आवेदन पत्र उपरोक्त समय–सीमा के पश्चात् नहीं होगी।
02. आवेदन हेतु विहित प्रपत्र जिला प्रशासन, अररिया के वेबसाइट (nic Araria) पर उपलब्ध रहेगा। विहित प्रपत्र में आवेदन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में आवेदन रद्द कर दिया जायेगा।
03. आवेदक स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक द्वारा आवेदन पत्र भेजने के क्रम में लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में "विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान, अररिया" में चयन हेतु आवेदन तथा आवेदित पद का उल्लेख करेंगें।
04. दिनांक –01.11.2026 को अधिकतम उम्र 45 वर्ष होना आवश्यक है।
05. आरक्षण की सुविधा उन्हीं उम्मीदवारों को मिलेगी जिनका स्थायी निवास बिहार राज्य में है, अर्थात जो बिहार के मूलवासी है। बिहार राज्य के बाहर के निवासी (अभ्यर्थी) को आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। आवेदन पत्र के इंगित कॉलम में आरक्षण का दावा नहीं करने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। आवेदन में भरा गया स्थायी पता (स्थायी निवास) ही आरक्षण प्रयोजन के लिए अनुमान्य होगा।
06. अभ्यर्थियों का चयन शैक्षणिक योग्यता, साक्षात्कार एवं अन्य के माध्यम से चयन समिति द्वारा किया जाएगा।
07. साक्षात्कार की तिथि को आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति सत्यापन हेतु लाना अनिवार्य होगा।
08. उक्त विज्ञापन के संबंध में सभी प्रकार की सूचना यथा–साक्षात्कार में भाग लेने हेतु योग्य अभ्यर्थियों की सूची, अभ्यर्थियों की मेधा सूची आदि का प्रकाशन समय–समय पर वेबसाइट –nic Araria एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा।
09. उम्मीदवारों द्वारा आवेदन पत्र में गलत तथ्य या प्रमाण पत्र देने पर उनका नियोजन कभी भी रद्द किया जा सकता है। ये नियोजन पूर्णतः अस्थायी है। प्रतिकूल आचरण पाये जाने पर नियोजन कभी भी समाप्त किया जा सकता है।
10. सरकार द्वारा आदेश प्राप्त होने पर या अन्य कारणों से अगर संस्थान का संचालन बंद हो जाता है, तो सभी कर्मियों का नियोजन सद्यः समाप्त हो जायेगा।
11. अस्थायी नियोजन कर्मी न तो सरकारी सेवक माने जायेगें और न हीं सरकारी सेवाकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हकदार माने जायेगें। अस्थायी नियोजन के पश्चात् सरकारी सेवा में नियमितीकरण का दावा किसी भी परिस्थिति में मान्य नहीं होगा।
12. किसी भी न्यायियक विवाद की स्थिति में अथवा अन्य कारणों से इस विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकार सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, अररिया के पास सुरक्षित रहेगा।

05.11.

सहायक निदेशक
जिला बाल संरक्षण इकाई
अररिया।

विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र

समाज कल्याण विभा (बिहार सरकार) के अधीन जिला बाल संरक्षण इकाई, अररिया द्वारा संचालित वशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान (SAA), अररिया में **"नर्स"** के पद पर संविदा के आधार पर नियोजन हेतु आवेदन

विज्ञापन संख्या ..... अनुक्रमांक .....

(कार्यालय द्वारा भरा जायेगा)

स्वअभिप्रमाणित पासवोर्ट साइज का रंगीन फोटो चिपकाएँ

1. आवेदित पद का नाम –.....
2. आवेदक का नाम –.....
3. पिता/पति का नाम – .....
4. कोटि –(सामान्य/पि0व0/अ0पि0व0/अनु0जा0/अनु0ज0जा0) .....
5. जाति –.....
6. लिंग –(पुरूष/महिला/अन्य) .....
7. जन्म तिथि –(तिथि/माह/वर्ष) .....
8. वर्त्तमान/पत्राचार का पता –.....
9. स्थायी पता –.....
10. दूरभाष संख्या –.....
11. ई0 मेल0 –.....
12. शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रतियाँ संलग्न करें)

शैक्षणिक योग्यता	विद्यालय/महाविद्यालय का नाम	बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम	विषय	उर्त्तीण वर्ष	कुल पूर्णांक	प्राप्तांक	श्रेणी
मैट्रिक							
इंटर							
स्नातक							
G.N.M/ANM							
अन्य							

13. अनुभव की विवरणी (प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रतियाँ संलग्न करें)

क्र0सं0	संस्था का नाम	पद का नाम	कब से	कब तक	वर्त्तमान में कार्यरत है या नहीं	कुल कार्यावधि	अभ्युक्ति

घोषणा – मैं यह घोषणा करता/ करती हूँ कि मेरेद्वारा उपरोक्त भरें गये सभी तथ्य सही एवं सत्य है। मैं उक्त पद के लिये निर्धारित योग्यता एवं अनुभव रखता/रखती हूँ। भविष्य में जाँच/सत्यापन के क्रम में यदि कोई तथ्य/सूचना गलत/मिथ्या पायी जाती है तो इसकी जिम्मेवारी मेरी स्वयं की होगी तथा मेरा नियोजन रद्द करते हुए उचित कार्रवाई की जा सकती है।

तिथि –.....

स्थान – .....

.....

आवेदक/आवदिका का हस्ताक्षर